## न्यूज गैलरी

### चंदवा पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में खड़े कोयला लदे हाइवा को पकड़ा

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत हरैया कामता स्थित कामता नाका के समीप से पुलिस ने सड़क पर संदिग्ध अवस्था में खड़े कोयला लोड सोलह चक्का हाइवा वाहन को जब्त किया है। रविवार देर रात पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई कर उक्त वाहन को जप्त कर चंदवा थाना ले आई है। प्रभारी थाना प्रभारी बबलू कुमार ने वाहन जप्त किए जाने की पुष्टी करते हुए कहा की उक्त वाहन संदिग्ध अवस्था में मुख्य सड़क से हटकर कामता रोड में खड़ी थी। जिसे गश्ती दल के जवानों के द्वारा चालक के साथ जप्त कर थाना ले आकर कोयले से संबंधित कागजात की जांच की जा रही है। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी को सूचित कर दिया गया जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### टाना भगत कांड के एक आरोपी की जमानत खारिज

**लातेहार।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मो अब्दुल नसीर की अदालत ने सिविल कोर्ट में अनाधिकार रूप से हरवे हथियार से लैश प्रवेश कर हंगामा करने एवं प्रशासन पर जानलेवा हमला करने के आरोपी पंखराज टाना भगत की जमानत याचिका पर सुनवाई के उपरांत खारिज कर दिया है। मालूम है लातेहार थाना कांड संख्या 251/ 22 में पंखराज टाना भगत का नामजद था। जिसे लातेहार थाना पुलिस ने गत 2 नवंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मालूम हो गत 10 अक्टूबर को टाना भगतों के एक समूह ने उग्रआंदोलन के दौरान सिविल कोर्ट में व्यापक तोड़फोड़ व देश विरोधी नारे लगाये थे तथा पथराव करके लातेहार थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### कुब्बा बांध जंगल में महुआ पेड़ से युवक का लटका हुआ मिला शव

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** सोमवार को पत्थलगडा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाडीह पंचायत के कुब्बा बांध जंगल से एक महुआ के पेड़ से लटकते कुबा गांव निवासी संतोष दांगी के पुत्र पिंटू कुमार 18 वर्ष का संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद किया गया है। सूचना पर घटना स्थल पर थाना प्रभारी बमबम कुमार, एसआई अंकित कुमार झा, चौकिदार मुकेश रजक, कमलेश कुमार दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय पिंटू एक दिन पूर्व सुबह से गायब था, काफी खेजने पर नही मिला तो इसकी सूचना सुबह पुलिस को भी दी थी। वहीं युवक शव को पेड से लटकता चरवाहों ने देखा और आसपास के लोगों को सूचना दी। युवक की मौत से परिजनों का रो रो के हाल बुरा है।

### पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में पेयजल स्वच्छता विभाग के तहत सोमवार को मुखिया व वार्ड सदस्यों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षक नित्यानंद ने जल के गुणवत्ता पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि क्षेत्र में जल की गुणवत्ता की जांच को ले जल सहिया को किट दिया जायेगा। जिसके माध्यम से जल सहिया जल की गुणवत्ता की जांच करेगी।प्रशिक्षण में मुखिया सरिता देवी, सुमीरा कुमारी, बेबी देवी, निर्मला देवी, डेगन गंझू, जगदीश यादव, मुकेश कुमार साव, दिनेश भारती, वार्डसद्स्य अमीर दांगी, मनोज दास सहित अन्य उपस्थित थे।

### बालूमाथ मुरपा मोड़ के पास प्रतिदिन लग रही जाम, लोग परेशान

**बालूमाथ।** मुख्यालय मे लगने वाली वार्षिक कार्तिक मेले में बड़ी छोटी वाहनों के कारण प्रतिदिन जाम लग रहा है जिससे मेले में आए ग्रामीण को और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो की बीते वर्ष डुलवाही के समीप हरिजन छात्रावास के पास हुइ सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद स्थानीय ढुलवाही के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर मुरपा मोड़ से लेकर डुलवाही मार्ग को नो एंट्री जिला एसडीएम द्वारा लगाया गया था। जिसके बावजूद भी दिन में भी मगध और तेतरिया कोल माइन से निकलने वाली ट्रक हाईवा इसी रास्ते से पार हो रही है जो आते जाते लोगों के लिए और इस सड़क के किनारे रहने वाले लोगों के लिए सरदर्द बना हुआ है। धूल गर्दा से लोग दिन में भी परेशान हो रहे हैं और मेले लगने से लोगो को जाम का भी सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन से लोग इस जाम से निजात पाने के लिए उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

# खेल हमारे अंदर प्रेरणा, साहस, अनुशासन और एकाग्रता लाने का कार्य करता है : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सोमवार को खेलो झारखण्ड 2022-23 अन्तर्गत तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चतरा में किया गया। प्रतियोगिता के पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त अबु इमरान शामिल हुए। सर्वप्रथम उपायुक्त ने खेल ध्वज का झंडोत्तोलन किया, तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त श्री इमरान ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल बहुत ही अच्छी शारीरिक गतिविधि है जो तनाव और चिंता से मुक्ति प्रदान करता है। यह खिलाड़ियों के लिए अच्छा भविष्य और पेशेवर जीवन का क्षेत्र प्रदान करता है साथ ही यह खिलाड़ियों को उनके लिए नाम और प्रसिद्धि देने की भी क्षमता रखता है। अतः खेल को व्यक्तिगत लाभ के साथ पेशेवर लाभ के लिए भी खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से खेल खेलना हमारे मानसिक कौशल के विकास में काफी सहायक होता है। उपायुक्त ने कहा कि खेल एक व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक कौशल में भी सुधार करता है। यह हमारे अंदर प्रेरणा, साहस, अनुशासन और एकाग्रता लाने का कार्य करता है। वर्तमान समय में खेल का बहुत ही ज्यादा महत्व है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर न सिर्फ जिले और राज्य बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपना नाम रौशन करें। प्रतियोगिता में जिले के सभी प्रखण्डों के चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर नगर परिषद अध्यक्षा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनश मिश्रा ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, कार्यकारी अध्यक्ष एवं सचिव ओलंपिक संघ समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## पचमों मोड़ से मयूरहंड तक सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के पचमों मोड से मयूरहंड तक लगभग चार करोड की लागत से बनने वाली पीएमजेएसवाई सड़क का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोडकर सांसद सुनिल कुमार सिंह व विधायक किशुन कुमार दास ने संयुक्त रुप से किया। सड़क निर्माण कार्य नंदकिशोर कंश्ट्रक्शन चतरा द्वारा की जा रही है। लगभग पंद्रह वर्षों से प्रखंड वासियों द्वारा पचमों मोड से एनएच रोड चौपारण को जोड़ने वाली यह सड़क निर्माण करवाने की मांग की जा रही थी। सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास होने से अब प्रखंड वासियों को जर्जर सड़क से निजात मिलने का आसार नजर आने लगा है। प्रखंड वासियों ने सांसद से सड़क का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण कराने मांग की है, ताकि सड़क का सही सदुपयोग हो सके। इसके अलावा मयूरहंड से नरचाही नदी एवं चौरीया से दुबी तक सड़क का शिलान्यास किया गया। मौके पर एसडीओ मुमताज अंसारी, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग शहनवाज खान, एई वैंकट सिंह, कनिय अभियंता ग्रिंदर कुमार, मुखिया सह दिशा सदस्य मंजित सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि संजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि पिंटू सिंह, राजेश कुमार सिंह, रसिक शिरोमणि, टिंकू सिंह, सुनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने व थाना चौक को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** भारतीय कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मो.आमिर हयात ने लातेहार एसपीओ शेखर कुमार और बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद एवं अंचलाधिकारी आफताब आलम को अपने लेटर हेड पर प्रखंड में ट्रैफिक कंट्रोल व विधि व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पत्र लिखा है। पत्र में निवेदन पूर्वक लिखा गया है कि बालूमाथ में पिछले कुछ माह से ट्रैफिक व्यवस्था अव्यवस्थित हो गया है। उसका मुख्य कारण है नालियों का सड़क से ऊंचा होना। आए दिन वाहन चालक गाड़ियों के ओवरटेक के दौरान ऊंची नाली के डिवाइडर से टकराकर चोटिल हो रहे हैं। पत्र में उन्होंने यह भी लिखा है कि बालूमाथ मुरपा चौक थाना चौक और लातेहार जाने वाली सड़कें प्रतिदिन पूरी तरह जाम रहता है।जिससे अस्पताल में इमरजेंसी मरीजों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्कूल, कोचिंग छुट्टी होने के बाद इन सड़कों पर आवागमन काफी ज्यादा होती है । कई बार गलत ड्राइविंग और ट्रैफिक व्यवस्था नहीं होने के कारण पैदल चलने वाले हो या वाहन चालक हो दोनों ही जाम के कारण लाचार और बेबस नजर आते हैं। मो हयात ने आग्रह करते हुए कहा है कि उपरोक्त मामला को देखते हुए बालूमाथ मुरपा मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस, गति सीमा निर्देश बोर्ड लगाने, थाना चौक अतिक्रमण मुक्त करने, बालूमाथ पाकी मुख्य मार्ग पर स्थित प्लस टू हाई स्कूल के पास, पाकीजा ट्रेलर दुकान के पास स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है ।मो हयात ने उपरोक्त मामले का प्रतिलिपि बालूमाथ अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी को भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया है।

### आदिम जनजातियों की समस्याओं से अवगत हुए बीडीओ, बोले-

## सभी समस्याओं का जल्द होगा निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातु।** उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी दीपाली भगत ने सोमवार को फुलसु पंचायत के मुक्की में रह रहे आदिम जनजाति परिवार के लोगों को मूलभूत सुविधा बहाल करने को लेकर पंचायत सचिवालय परिसर में कैंप का आयोजन कर समस्या सुनी। कैंप का अध्यक्षता मुखिया तेतरि देवी व पंसस सह प्रखंड उप प्रमुख निशा शाहदेव ने किया। कैंप में सर्वप्रथम बीडिओ सह सीओ भगत ने आदिम जनजाति परिवारों के बारे विशेष जानकारी ली वहीं चंदरू बिरहोर ने बताया कि हमलोग यहां चालिस परिवार निवास करते हैं। जिसमें से मात्र चार परिवार का राशन कार्ड, आधार कार्ड, व पहचान पत्र है बाकी के, 36 परिवार का न आधार, न पहचान पत्र, न राशन कार्ड और न ही रहने को अपना आवास है, हम परिवारों में से कई महिला विधवा व कई महिला पुरूष वृद्ध है। जिका सरकार द्वारा कोई लाभ नहीं मिलता है।

समस्या सुन बीडीओ सह सीओ भगत ने तुरंत सांख्यिकीक पदाधिकारी प्रकाश कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार के माध्यम से सभी परिवारों का आधार बनाने हेतु आवेदन भरा गया। जो परिवार 18 वर्ष हो गया है वैसे परिवारों का मतदाता सुची में नाम अंकित करने को लेकर प्रपत्र भरा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ भगत ने बताई कि आदिम जनजाति परिवारों का कोई प्रमाण न रहने के कारण आधार कार्ड, पहचान पत्र,राशन कार्ड,आवास, विध्वा, वृद्धा व अन्य लाभों से वंचित है। इस विषय में उपायुक्त से बात कर इन परिवारों का बहुत ही जल्द सभी समस्या दूर कर दिया जाएगा।

वहीं उप प्रमुख शाहदेव ने कहा कि वर्ष 2002-03 में लाटु पंचायत हुआ करता था और जिसमें हेरहंज प्रखंड सलैया ग्राम लाटु में शामिल था उस समय सरकार द्वारा पांच से सात एकड़ जमीन आदिम जनजाति के विभिन्न परिवारों के नाम से पट्टा दिया गया था पर अब उक्त जमीन पर बिचौलियों का कब्जा है जिस कारण इन परिवारों का मुशकिले बढ़ गया है जांच कर कब्जा दिलाने की बात कही।

### मुखिया ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण

**मयूरहंड(चतरा)।** सोमवार को मयूरहंड प्रखंड के करमा पंचायत सचिवालय में मुखिया रामनाथ यादव ने कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कंबल का वितरण जरूरतमंदों के बीच किया। ठंढ से बचाव को लेकर कल्याण विभाग द्वारा 75 कंबल पंचायत में उपलब्ध करवाया गया था। मुखिया ने पंचायत के सभी वार्डो से वार्ड सदस्यों द्वारा चयनित 75 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया। इस कडकडाति ठंढ में जरुरत मंद लोगों को कंबल मिलने से राहत मिला है। इसके अलावा 50 कंबल का वितरण करमा में निवास करने वाले बिरहोर परिवारों के बीच बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा व मुखिया ने संयुक्त रुप से किया। इस मौके पर पंचायत सचिव पारमेश्वर राम, बिसम्भर यादव, प्रयाग रविदास के अलावा वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### धनगड्डा घाटी में मिला अधेड़ का शव

**टंडवा (चतरा)।** सोमवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ किनारे स्थित धनगड्डा घाटी में एक अधेड़ का शव देखे जाने से इलाके मे सनसनी फैल गई। शव धनगड़ा घाटी स्थित मंदिर के पीछे मिली। वहीं सूचना मिलते हीं पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृत अधेड़ की पहचान चतरा शहर के बिंड मुहल्ला निवासी 50 वर्षीय प्रमोद भगत के रूप मे की गई है। परिजनों की मानें तो मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। जिसके कारण वह रविवार दोपहर को हीं अपने घर से निकला था। मृतक के पास से एक पर्ची, बस का टिकट तथा कुछ रुपए भी मिले हैं। दूसरी ओर पुलिस हत्या होने के विभिन्न संभावित पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

## फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के हो रहे सार्थक प्रयास :बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन बरवाडीह रेलवे क्लब में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, जिप सदस्य संतोषी शेखर , कन्हाई सिंह , प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय , सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू समेत अन्य अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में सभी पंचायतों के टीमों के बालक व बालिका वर्ग के 2 दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसमे प्रतिदिन पांच मैच का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन मैच के दौरान दोनों टीम के द्वारा रोमांचक खेल का प्रदर्शन करने का काम किया गया। जहां रोमांचक मुकाबले में केचकी की टीम ने बरवाडीह को एक गोल से हराकर उद्घाटन मैच के पहले दौड़ को सफलतापूर्वक जीत हासिल किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए ग्रामीण स्तर पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से खेल को बढ़ावा मिलेगा। वही गांव में छिपे प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम को कार्यक्रम को अन्य लोगों ने संबोधित करते हुए सरकार के इस प्रयास की सराहना की। मौके पर मुखिया बुधेश्वर सिंह, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, सुनील सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रंजीत कुमार राजू, रविंद्र नाथ चौधरी, रेलवे क्लब महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक, काजमी अनवर, सुबोध पाल कोमल टोप्पो रेलवे क्लब कमेटी के अशफाक अहमद मुन्ना, प्रेम कुमार अधूरा, सुबोध पाल, गोपाल राजवंशी, समेत काफी संख्या में दर्शक और खिलाड़ी मौजूद थे।

## आम्रपाली परियोजना में टाउनशिप निर्माण कार्य को रैयतों ने कराया बंद



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड अंतर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के होन्हें में करोड़ों रुपए की लागत से निमार्णाधीन टाउनशिप का कार्य स्थानीय भू-रैयतों ने अपने जमीन कहकर रोक दिया। भू-रैयत हुलास यादव व मुकेश यादव ने बताया कि खाता संख्या 12, 60 एवं प्लौट संख्या 317, 780, 794, 710 समेत अन्य का कुल रकबा लगभग 20 एकड़ जमीन में बगैर मुआवजा व नौकरी का लाभ दिए भयादोहन कर बाजबरन अधिग्रहण किया जा रहा है। बताया कि मुआवजा व नौकरी को लेकर सभी वैध दस्तावेज सीसीएल प्रबंधन को पिछले दो वर्ष पूर्व हीं सौंपा जा चुका है, बावजूद संचिका लंबित है। वहीं भूरैयतों के विरुद्ध एनबीएस कंपनी के अधिकारी अविनाश कुमार द्वारा स्थानीय थाना को दिए गए सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह के निर्देश पर एएसआई रोहित यादव व रंजीत मंडल पहुंच कर मामले का समाधान 15 दिनों के अंदर कराने का भरोसा दिलाने पर सभी भू-रैयत सहमत हो गए। वहीं मामले में पूछे जाने पर परियोजना महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि विभागीय अधिकारियों से इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर शीघ्र हीं समाधान किया जाएगा।

## संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण को लेकर बीडीओ ने बीएलओ के साथ की बैठक

### 1 जनवरी 2005 तक जिनका जन्म हुआ है उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**प्रतापपुर(चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड सभागार में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ मुरली यादव की अध्यक्षता ने सोमवार को बीएलओ की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण 2023 कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के घर-घर जाकर 18 से 19 वर्ष के युवा मतदाताओं महिला मतदाताओं व विशेष योग्यजन मतदाताओं एवं वंचित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं मृत स्थानांतरित दोहरे मतदाताओं के नाम हटाने एवं संशोधन की कार्रवाई करें। सभी वोटर कार्ड में ब्लैक एंड वाइट फोटो हटाकर रंगीन युक्त फोटो युक्त वोटर कार्ड बनाने जाने की बात कही। विशेष मतदाता पुनरीक्षण के दौरान अधिक से अधिक युवा मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज करने पर जोर दिया गया। 1 जनवरी 2005 तक जिनका जन्म हुआ है उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ना है। वही पीटीजी समुदाय से अर्थात आदिम जनजाति के बैगा बिहोर लोगों के शत-प्रतिशत मतदाता पहचान पत्र बनाए जाने की बात कहीं गई साथ ही साथ प्रखंड में दिव्यांग वोटरों को चिन्हित कर उनका रिपोर्ट तैयार करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में बीपीआरओ रोहित कुमार, सुपरवाइजर के साथ सभी बीएलओ, ग्राम पंचायत सेवक मौजूद थे।

### समाजसेवी स्व.साजन सिंह प्रभाकर की स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन, बोले वक्ता

## सामाजिक कार्यों में आगे रहते थे स्व. साजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के युवा समाजसेवी साजन सिंह प्रभाकर की पहली पुण्यतिथि पर प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में राज्य के प्रथम स्पीकर सह चतरा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद इंद्र सिंह नामधारी समेत कई दिग्गज नेता, विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, परिवार के सदस्य और उनके मित्रगणों ने शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इसके पूर्व रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में स्व.साजन सिंह प्रभाकर की स्मृति में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन स्व.प्रभाकर के पितातुल्य अखिलेश सिंह, कांग्रेस नेता रंजित कु.राजू, अधिवक्ता प्रिंस गुप्ता, काजमी अनवर, सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश मेहता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिसके पश्चात बी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट खोकर कुल 143 रन बनाए। बी टीम की ओर से कुंदन सिंह चौहान ने सबसे अधिक 68 रन बन बनाए. ए टीम के कप्तान दीपक राज ने 3 ओवर में 21 रन खर्च कर 3 विकेट हासिल किया. 144 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मॉर्निंग 11 ए टीम ने दस ओवरों में ही आठ विकेट से जीत हासिल कर ली। जिसमें सलामी बल्लेबाज दीपक चंद्रा ने 75 रन और करण मारकुश ने नाबाद 52 रन बनाए।

**करोड़ों रुपए की राशि का बंदरबांट**

श्रद्धांजलि सभा में ओमप्रकाश मेहता ने कहा कि प्रभाकर समाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया करते थे. सभी वर्गों के लोगों का हर संभव सहयोग करते थे। आज वह हम सबके बीच नहीं है, पर उनकी याद हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेगी और हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी। वहीं सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के अविनाश रंजन उर्फ सन्नी ने कहा कि सामाजिक कार्यों के साथ-साथ उन्हें क्रिकेट से भी बहुत प्रेम था। उनके द्वारा लगातार किए गए सामाजिक कार्यों का ही प्रतिफल है कि आज इतनी बड़ी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने आए हैं। मौके पर चंदन पासवान, अविनाश कुमार, संजू श्रीवास्तव, उज्ज्वल चंद्रा, विनोद कुमार, दीपक राज दीपू, रितेश कुमार, सुधीर कुमार, राइडर, धीरेंद्र, कुंदन चौहान, प्रमोद कुमार, उपेंद्र यादव, सोनू सिंह, अंकित गुप्ता, सैफ, सुभम, यश पासवान, गौतम बाबा, विकास पाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## प्रशासन की पहल पर मृत बंदी का किया गया अंतिम संस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** सोमवार को प्रशासनिक पहल पर मंडल कारा चतरा के मृत बंदी राजू तुरी का अंति संस्कार पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के मेराल में पलाटीबेरा नदी घाट में किया गया। शनिवार के रात में राजू तुरी की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई थी। वह अफीम तस्करी के मामले में एक महीना से जेल में बंद था। सोमवार को जब मृतक का शव मेराल पहुंचा तो ग्रामीण उग्र हो गए और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। इसकी सूचना उपायुक्त को मिलते ही बीडीओ मोनी कुमारी व थाना प्रभारी बमबम कुमार पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मेराल पहुंच आक्रोशित लोगों से वार्ता कर क्रिया कर्म के लिए दस हजार नगद और 1 क्विंटल चावल दिए। साथ ही सरकारी प्रावधान के अनुरूप पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि देने का आश्वासन देने के साथ फिलहाल राशन कार्ड, विधवा पेंशन और पारिवारिक लाभ के लिए तुरंत रजिस्ट्रेशन करने की बात कही। उसके बाद परिजनों ने जेल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखित आवेदन दिया और शव का अंतिम संस्कार किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अरविंद ठाकुर, प्रमुख मनीषा कुमारी, मुखिया नीतू देवी व भारी संख्या में ग्रामीण जमा थे।

